जहां तक विद्यार्थियों की मांगों का प्रश्न है हम पूर्ण रूप से उनकी मांगों का समर्थन करते है, पहले भी करते आए हैं और आज भी करते हैं और कल भी करेंगे । मुझे 1938 से विद्यार्थी आन्दोलन में काम करने का सौभाग्य मिला है । बिहार के विद्यार्थियों ने 1942 में जो क्रान्तिकारी रोल अदा किया देश को आजादी दिलाने के लिए वह इतिहास के स्वर्णाक्षरों में लिखा हुआ है । अगर विद्यार्थी शिक्षा पद्धति में सुधार चाहते हैं, छात्रावास चाहते हैं, छात्रवृत्ति चाहते हैं, भागलपुर में मैडीकल कालेज जो है उस में चाहते हैं कि पढ़ाई हो तो उनकी ये जायज मांगें हैं और इन मांगों के लिए उनको कोई दोष नहीं दिया जा सकता है । हम उनकी इन मांगों का समर्थन करते हैं । कुछ दिन पूर्व भागलपुर विश्वविद्यालय के छात्रों ने संघर्ष समिति बनाई थी और उनके नाम से वहां के महामंत्री श्री निर्मल कुमार का मुझे पत्र मिला था जिस में उन्होंने मुझे कहा था कि आप हमारे लिए क्या कर रहे हैं ? मैंने उसका बुरा नहीं मनाया । मैं जानता हूं कि विद्यार्थी टी० एन० बी० कालेज में अधिक होस्टल की सुविधा चाहते हैं । पत्र लिखा मुझे उन्होंने और मैं उसका समर्थन करता हूं । इसके छः महीने पहले भी भागलपुर के विद्यार्थियों ने मैडीकल कालेज के बाहर अन्शन किया था । हमने उनका साथ दिया था । हमने कभी नहीं कहा कि तुम आग लगाओ, लूटपाट करो, डाकाजनी करो । हमारे विद्यार्थी ऐसा नहीं करते हैं । आप यह न कहें कि हम ने विद्यार्थियों की मांगों का समर्थन नहीं किया है । हमने समर्थन किया है । हमने कहा है कि शिक्षा पद्धति में सुधार किया जाए ताकि उनको रोजगार मिल सके । हमने कहा है कि उनको सैनेट और सिंडीकेट आदि में प्रतिनिधित्व मिले । क्यों हम समर्थन करते उनका ? देखा गया है कि आज कोई शिक्षक हैं जो चार-चार वर्ष तक क्लास नहीं लेते हैं । वाइस चांसलर हैं जो राजनीतिक कार्यों के सिलसिले में 28-28 दिन तक बाहर घूमते रहते हैं, एक दिन मुख्यालय में आते हैं और फिर चले जाते हैं । ऐसी हालत में क्यों न विद्यार्थी आन्दोलन करें और क्यों न उनकी मांगों का समर्थन किया जाए । हम ने ही नहीं बिहार की सरकार ने भी उनकी मांगों को माना है । छात्रवृत्ति बढ़ाई गई है । जो उनकी मांगे हैं उनका समर्थन हम बिहार सरकार से और केन्द्रीय सरकार से भी करवाऐंगे । लेकिन प्रश्न आज यह नहीं है । प्रश्न आज यह है कि आग लगाने वाले कौन थे, लूटपाट करने वाले कौन थे, हिंसा पर कौन उतरे ? विद्यार्थी तो शान्तिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे । लूटपाट करने वाले, आग लगाने वाले विद्यार्थी नहीं थे । तब प्रश्न उठता है कि आग लगाने वाले कौन थे । मैं समझता हूं कि आग लगाने वाले समाज विरोधी तत्व, प्रतिक्रियावादी शक्तियां और उग्र पन्थी थे । ये लोग थे जो जनतंत्र की दुहाई तो देते है लेकिन जो जनतंत्र की शिला को तोड़ना भी चाहते हैं । यह महान गठबन्धन आज आंध्र के नाम पर गुजरात में, बिहार में इन्होंने किया है । ऐसा ये

इसलिए कर रहें, यह महान गठबन्धन इन शक्तियों ने इसलिए किया है कि बिहार आदि में जनता जनार्दन के हाथों ये चोटी के द्वार पर पिट चुकी हैं और अब ऐसे प्रयत्न कर रही हैं ताकि देश में अराजकता फैल जाए। उत्तर प्रदेश का, उड़ीसा का चुनाव इस बात का संकेत देता है और यह स्पष्ट भी है कि जनता कठिनाइयों के बावजूद भी आज कांग्रेस के साथ है, उनके जो नेतागण हैं उन पर उसका विश्वास अडिग है (व्यवधान) पीलू मोदी जी की पार्टी को केवल एक सीट मिली है और ये यहां हो हो करते हैं। यह षड्यंत्र स्वतन्त्र पार्टी वाले, जनसंघ का जो आर० एस० एस० विंग है, सोशलिस्ट पार्टी, आदि इस देश का आग में झुलसाना चाहते हैं। ये जनतंत्र की बात करते हैं। जनतन्त्र को मिटाने के लिए ये विद्यार्थियों का सहारा ले रहे हैं। आनन्द मार्ग के खिलाफ ये बहुत बोले थे। मैं जानना चाहता हूं कि फिर सरकार में श्री समर गुह साहब क्यों जा कर मिले दो दिन पहले क्या मिले? क्या इसलिए नहीं मिले कि उनका कहे श्रीमान सरकार साहब तुम भी इस में हिस्सा लो और अपने अनुयाइयों को भी इस में हिस्सा लेने के लिए कहा। हुआ भी वही। विद्यार्थी आगे आगे अपनी मांगों के लिए शान्तिपूर्ण प्रदर्शन करते थे और ये आनन्दमार्गी समाजवादी युवजन सभा और आर०एस०एस० के लोग हाथ में पट्रोल और दियासलाई लेकर उन के पीछे घूमते थे। उन्होंने ही आग लगाई, लटपाट की और हिंसात्मक कार्य करके विद्यार्थियों के आन्दोलन को तोड़ना चाहा।

प्रश्न यह नहीं है कि विद्यार्थी क्या चाहते हैं। हम उनकी सब मांगों का समर्थन करते हैं। स्वयं विद्यार्थियों और उनके नेताओं ने कहा है कि आग हमने नहीं लगाई। तो आग किसने लगाई? जो लोग महा-गठबंधन करने के बाद 1971 से लेकर हर चुनाव में मात खाते आ रहे हैं, आज उनकी निराशा और आक्रोश जनता पर उतर आये हैं।

मैं बिहार के प्रश्न को बड़े स्पष्ट रूप से देखता हूं। बिहार के विद्यार्थियों की मांगों को बहुत कुछ पूरा किया गया है, और कुछ पूरा किया जाना है। केन्द्रीय सरकार और बिहार सरकार द्वारा इन मांगों को पूरा किये जाने के संबंध में हम स्वयं विद्यार्थियों की सहायता करेंगे। लेकिन हमने किसी विद्यार्थी को यह नहीं कहा— और अन्त तक नहीं कहेंगे— कि वे अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिये आगे, लटपाट या हिंसात्मक कार्यों का सहारा लें। यह तो यही लोग हैं, जो यहां बैठकर विद्यार्थियों के नाम की दुहाई देते हैं, जिन्होंने विद्यार्थियों के सही आन्दोलन का चौपट कर दिया, विद्यार्थियों को धोखा दिया और आगजनी और लटपाट करके विद्यार्थियों के आन्दोलन का तोड़न, और उन को बदनाम करने का प्रयास किया। ये लोग समझते हैं कि एक जगह आग लगाने से सारे देश में गणतन्त्र की भूमिका टूट जायेगी।

मैं इस स्थिति का इस रूप में देखता हूं कि जब ये पार्टियां चुनाव में नहीं जीत पाती हैं, तो इन का सत्ता का मोह इनको अप्रजातान्त्रिक तरीके अख्तियार करने के लिये मजबूर करता है। मनमौजी खिचड़ी खाने वाले ये लोग सुन लें कि कांग्रेस पार्टी में विषयों की प्राथमिकता पर मतभेद हो सकता है, टिकट मिलने पर मतभेद हो सकता है, प्रदेशों के नेतृत्व पर मतभेद हो सकता है लेकिन इस बात पर कोई मतभेद नहीं है कि कांग्रेस पार्टी श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व की ही एकमात्र नेतृत्व मानती है, और उनके नेतृत्व में ही देश आगे बढ़ेगा। हमारे मनमौजी लड्डू खाने वाले ये बन्धु यह भी स्पष्ट सुन लें कि हर प्रान्त में, हर पार्टी में लेवी के प्रश्न पर भले ही आपस में मतभेद हो, कोई कर लगाने के बारे में भले ही मतभेद हो, लेकिन इस बात पर कभी मतभेद नहीं रहा—और भविष्य में भी नहीं रहेगा—कि समाजवाद के रथ का हिन्दुस्तान के धूल-धूसरित गावों के मोड़ों पर पहुंचना है और वहां झोपड़ियों में रहने वाले गरीबों के आंसुओं को पोंछना है, और यह कार्य श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को ही करना है।

ये दूध के धोये महानुभाव जरा बताये कि क्या इनकी तमाम पार्टियों में है कोई नेता। बड़े जोश से यह बात कही गई थी कि जनसंघ में श्री अटल

[श्री भागवत झा आजाद]

बिहारी बाजपेयी को उत्तर प्रदेश का मुख्य मंत्री बनने के लिये मुक्त कर दिया है। इन तमाम बातों के बावजूद इन लोगों की क्या हालत हुई? इनका स्वप्न चूर-चूर हो गया।

हम गणतंत्र में विरोधी पार्टियों का महत्व समझते हैं। हम जानते हैं कि गणतन्त्र में विरोधी पार्टियां रहनी चाहिये। ये लोग हमारी कठिनाइयों से फायदा उठाएं, इस बात को भी हम समझ सकते हैं। लेकिन क्या आग लगाना और सम्पति लूटना सही है? क्या आपोजिशन पार्टियों की यही भूमिका है? अगर ये लोग समझते हैं कि चुनाव पद्धति में दोष है या चुनाव में हमने गड़बड़ी की है, तो उसको सुधारने के सारे प्रयत्न किये जाने चाहिये। इस बारे में हम पूर्णतया इन लोगों के साथ हैं, क्योंकि हम चाहते हैं कि बैलट बाक्स ही हमारा एकमात्र और अन्तिम उपाय रहे जिसके सहारे जनता के प्रतिनिधि पार्लियामेंट और विधान सभाओं में आयें।

हमारे ये मित्र कहते हैं कि मंहगाई बढ़ रही है। किसने यह बात नहीं कही? हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री और उनकी सरकार ने भी यह बात कही है। हमने इन लोगों से अधिक इसकी आलोचना की है और हमने इन से अधिक ये सुझाव दिये हैं कि महंगाई को कम किया जाये। हमने अपनी पार्टी और अपनी सरकार से 100 रुपये के नोट्स का डीमानिटाइजेशन करने के लिये कहा है, लेकिन अभी तक सरकार इससे सहमत नहीं हो पाई है। ये लोग पीछे आग लगाने चलते हैं और हम आगे काम करने चलते हैं-हम में और इन लोगों में यही फर्क है।

हम समझते हैं कि बिहार का प्रश्न सारे हिन्दुस्तान के साथ जुड़ा हुआ है, जिस का उदाहरण हमने गुजरात में देखा। हमारे ये मित्र क्या चाहते हैं? क्या वे चाहते हैं कि चुने हुये प्रतिनिधियों के दरवाजे पर पत्थर मार कर और उनके मुंह पर तारकोल लगाकर उन को इस्तीफा देने पर मजबूर किया जाये? वे याद रखें कि हम भी मजबूत हैं और हम भी उनके मुंह पर तारकोल लगा सकते हैं। अगर सौ आदमी इनकी घेर कर इनके मुंह पर तारकोल लगायें, या इनकी शेव कर दें, तो ये कहेंगे कि हिन्दुस्तान के गृह मंत्री ने हमारी रक्षा नहीं की। प्रश्न यह है कि उस स्थिति में गणतंत्र कहां जायेगा।

गृह मंत्री से मैं यह निवेदन करूंगा कि वह विद्यार्थियों से सीधी बातचीत करें। मुझे खुशी है कि वह और रक्षा मंत्री तुरन्त बिहार गये, उन्होंने वहां की स्थिति को स्वयं देखा और वहां के विद्यार्थियों से बात की। जैसा कि मैंने कहा है, मेरा सुझाव यह है कि मंत्री महोदय उनसे सीधी बातचीत करें। उनके ठेकेदार ये एस० वाई० एस० जनसंघी, आर० एस० एस० वाले या आनंदमार्गी न हों। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के लिये सुविधाएं चाहते हैं। वे अपने शिक्षकों से मांग करते हैं कि उनको पढ़ाया जाये। वे सस्ते दामों पर पुस्तकें चाहते हैं सारा व्हाइट पेपर का क्वोटा अखबार उठा लेते हैं। बाजारों में पुस्तकें नहीं मिलती है। तो फिर विद्यार्थी कैसे पढ़ें? गृह मंत्री उनकी कठिनाइयों पर विचार करें और उनकी अपूर्ण मांगों को पूर्ण करें।

एक दीर्घकालीन मांग यह है कि शिक्षा पद्धति में जो सुधार हो रहा है, उसको अविलम्ब उस उस बिन्दू पर लाया जाये, जहां शिक्षा के सहारे लोगों को रोजगार मिले, अर्थात् हमारी शिक्षा रोजगार-मुखी हो।

जहां तक आर्थिक क्षेत्र का संबंध है, सरकार ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया है, मानोपलीज एन्ड रेस्ट्रिक्टिव ट्रेड प्रैक्टिसिज एक्ट पास किया है, जीवन बीमा का राष्ट्रीयकरण किया है। सरकार इस परिवर्तन को और आगे बढ़ाये, ताकि असमानता दूर हो, और असंतोष के गन्दे नालों में पलने वाले ये गन्दे कीड़े विद्यार्थियों को बहका न सकें।

मेरा अन्तिम और दीर्घकालीन, सुझाव यह है कि राजनैतिक और प्रशासनिक ढांचे में सुधार जाये—बिहार में भी और अन्य राज्यों में भी। आवश्यकता इस बात की है कि बिहार के प्रशासनिक एवं अन्य स्तरों पर आवश्यक परिवर्तन किये जायें—वे परिवर्तन किये जायें, जो वहां की जनता

और विद्यार्थियो को ग्राहक हो। हमे विश्वास है कि मत्री महोदय इन मागो पर विचार करेगे।

मैं चाहता हू कि विद्यार्थी इस पृष्ठभूमि को समझे। मैंने विद्यार्थियो के बीच 1939 से काम किया है मे बिहार के विद्यार्थियो से निवेदन करना चाहता हू कि वे अपनी मागो के सबध मे हमको अपने साथ समझे। उन्होने कहा है कि हम किसी पोलीटिकल पार्टी का सहारा नही लेते हैं। हम उनसे दूर खडे हैं, लेकिन हम उनके साथ पूरी सहानुभूति रखते हैं। उनके नाम पर आगजनी और लटपाट ये लोग करते हैं। जब गाधी चलती है तो ये लोग पीछे हट जाते हैं और हिन्दुस्तान के सर्वश्रेष्ठ कुसुम, हमारे भाई और बेटे गालिया खाते हैं।

मै विद्यार्थियो से कहना चाहता हू कि वे इन लोगो को कनडेम करे, इनको दूर हटाये और अपनी मागो के सबध मे सीधे सरकार से वार्तालाप करे।

मैं आप का कृतज्ञ हू कि आप ने बिहार के प्रश्न को स्पष्ट रूप से रखने का अवसर दिया।

श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव (कटिहार) उपाध्यक्ष महोदय मुझे एक कहावत याद आती है कि रोम जल रहा था और नीरो बासुरी वादन कर रहा था। सम्राट अशोक की भूमि भगवान बुद्ध की भूमि—बिहार आज जल रहा है और बिहार की राजनीति का, बिहार के जनतत्र का अपने धनतत्र के बल पर जिन्होने अपनी मुट्ठी मे दबा रखा है आज वे दिल्ली मे बैठ कर बासुरी-वादन कर रहे हैं। सारा बिहार सिसकिया ले रहा है जनतत्र कराह रहा है ऐसी स्थिति मे उपाध्यक्ष महोदय, आज बिहार की स्थिति के बारे मे आपने मुझे बोलने का अवसर दिया इस के लिए मै आभार प्रकट करता हू।

यह बात साफ जाहिर है कि वहा पर भुखमरी है, वहा पर जहालत है, वहा पर बेरोजगारी है, स्नातकों को कार्य नही मिल रहा है जबकि बिहार मे कोयला है, लोहा है, अबरक है, मैगनीज की कीमती खाने हैं फिर भी बिहार के लाडले आज रोजी रोटी के लिए मोहताज हैं, ऐसी स्थिति मे बिहार के छात्र सघ ने—कम्युनिस्टो को छोड कर के—छात्र सघर्ष समिति बना कर अपनी आठ मागें सरकार के सम्मुख रखी थी।

1. बिहार के प्रत्येक महाविद्यालय एव विश्वविद्यालय मे अनिवार्य सदस्यता वाले प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा छात्रसघ की स्थापना की जाये।

2 शिक्षा व्यवस्था मे आमूल परिवर्तन कर इसे रोजगारोमुख बनाया जाये।

3 डिग्री को आधार मान कर राष्ट्रीयकृत बैको से शिक्षित बेरोजगारो को उद्योग के लिए ऋण दिया जाये।

4 शिक्षित बेरोजगारो को काम दिया जाये या बेरोजगारी भत्ता दिया जाये।

5 महगाई पर अविलम्ब रोक लगाई जाय, जमाखोरो या मुनाफाखोरो को कठोर दण्ड दिया जाये तथा छात्रो को सस्ते दर पर भोजन पुस्तक एव पठन-पाठन के आवश्यक सामानो की आपूर्ति की जाये।

6 बिहार के प्रत्येक महाविद्यालय मे समुचित छात्रावास की व्यवस्था की जाये।

7 छात्रवृत्ति की सख्या बढाई जाये तथा छात्र वृत्ति की वर्तमान राशि का मूल्याकन वर्तमान प्राइस इनडेक्स के आधार पर हो।

8 विश्वविद्यालय की नीति निर्धारण समितियो तथा सिनेट, सिनडिकेट एकेडेमिक काउन्सिल मे छात्रो का प्रभावशाली प्रतिनिधित्व हो।

इन मागो को जब बिहार सरकार ने नही माना इन मागो पर विचार नही किया तो लाचार होकर छात्र सघर्ष समिति ने 15 मार्च को बिहार विधान सभा का घेराव करने का निर्णय किया। इस निर्णय की घोषणा करने के बाद कम्युनिस्टो के कहने पर मार पीट शुरू हुआ। उन्होने अपने छात्र फेडरेशन के माध्यम से 16 मार्च को बिहार के कलेक्टरेट पर धरना का आयोजन किया जिसके फलस्वरूप बेलिया मे गोली चली और उसमे हिंसात्मक रूप आने के कारण दो छात्र मरे और 25 घायल हुए। इतना ही नही विद्याचर बाबू जो बिहार के शिक्षा मत्री हैं बडे ही सज्जन और

[श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव]

सरल स्वभाव के हैं बीमार अवस्था में पड़े हुए थे, उनके डेरे पर पथराव किया और जब प्रदर्शनकारियों से मिलने के लिए वह बाहर आये तो उनके कुरते को फाड़ डाला उनके साथ धक्कामुक्की की और इतना ही नहीं उसी दिन सर्चलाईट प्रेस के ऊपर छात्र फेडरेशन के लोगों ने जाकर नारेबाजी की, ईंट पत्थर फेंके और एटैक किया। इन सब घटनाओं का उल्लेख गृह मंत्री महोदय की रिपोर्ट में कहीं नहीं मिला। मालूम पड़ता है कि शायद दीक्षित जी उसी भाषा को समझ रहे हैं जिस भाषा में उन्होंने कम्युनिस्टों के साथ ऐलाइम किया है और उसी ऐलाइम के कारण उन्होंने उस घटना का जिक्र नहीं किया।

श्री उमाशंकर दीक्षित 18 तारीख का प्रश्न उठा था तो हमने समझा कि 18 तारीख की घटनाओं के सम्बन्ध में आप जानना चाहते हैं उससे पीछे की जितनी भी घटनाएं हैं उनके बारे में भी यहां बताने में और उनको स्पष्ट यहां रखने में हमें किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है चाहे वह कम्युनिस्ट पार्टी हो या कोई भी पार्टी हो इससे उसका क्या सम्बन्ध है?

श्री जगन्नाथ राव जोशी (जाजापुर): आपको यह निर्देश दिया गया था कि बिहार की स्थिति पर वक्तव्य दें। बिहार की स्थिति पर हम वक्तव्य चाहते थे। वृद्धावस्था में इतना पक्षपात ठीक नहीं है।

श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव उपाध्यक्ष महोदय, 18 तारीख को सुबह छात्र संघर्ष समिति के विद्यार्थीगण विधान सभा और सेक्रेटरिएट के रास्ते पर धरना देकर बैठ गए थे। उससे पहले 17 तारीख की रात को कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय में मीटिंग हुई थी और यह निर्णय हुआ था कि इस आंदोलन को बिल्कुल टांय-टांय फिस कर देना है और इसको हिंसात्मक रूप दे देना है। तो 18 तारीख को इधर विद्यार्थी विधानसभा के सामने धरना पर बैठे हुए थे और उधर सर्चलाईट पर छात्र फेडरेशन के द्वारा 11 बजे आग लगा दी गई। आग लगाने के बाद वह जो गुंडागर्दी करने वाला गिरोह था स्टूडेंट फेडरेशन के नेतृत्व में विधानसभा की ओर बढ़ा। विधानसभा भवन के बगल में पर्यटन विभाग का कार्यालय है, वहां पर उन्होंने आग लगाई। उसके बाद इन्हीं गुंडा तत्वों ने ठाकर में झंडा लगा कर सी०आई०डी० के कार्यालय में फेंका और सी०आई०डी० ने पिस्तौल तान कर लालबिहारी प्रसाद कम्युनिस्ट पार्टी के एम०एल०ए० जो उस मामले का नेतृत्व कर रहे थे उनको उसी समय गिरफ्तार किया। आश्चर्य की बात है उसी माब ने सर्चलाईट की बिल्डिंग में आग लगाई, उसी माब ने पर्यटन विभाग के कार्यालय में आग लगाई और सी०आई०डी० के कार्यालय में आग लगाने के वक्त लालबिहारी प्रसाद कम्युनिस्ट पार्टी के एम०एल०ए० को पकड़ा तो उसकी सूचना और उनकी गिरफ्तारी की सूचना आल इंडिया रेडियो पर नहीं दी और न बिहार रेडियो पर दी, न हमारे गृह मंत्री दीक्षित जी ने उस घटना का उल्लेख किया जबकि सोशलिस्ट पार्टी के नेता श्री कर्पूरी ठाकुर, जनसंघ के उपाध्यक्ष श्री ठाकुर प्रसाद श्री रुद्रप्रसाद सारंगी भोला प्रसाद सिंह, धनिक प्रसाद मंडल और चन्द्रशेखर इन सब को उनके आवास स्थल पर जाकर गिरफ्तार किया गया और इसकी घोषणा कर दी गई कि ये लोग पकड़े गये। लेकिन जो आग का पलीता अपने हाथ में लेकर फिर रहे थे उनके बारे में घोषणा नहीं की और उनके पकड़े जाने की भी घोषणा नहीं की।

इतनी ही बात नहीं जिस समय बिहार विधान सभा के सचिव के घर में आग लगाई गई तो सारे सचिवालय के कार्यालय में उत्तेजना हो गई और सचिवालय के कर्मचारी विधानसभा के सचिव मिश्रा जी के साथ मिनिस्टर साहब के सामने बिहार विधान सभा के भीतर घुस गये और उन्होंने कहा कि तुमने हमारे सचिव को प्रोटेक्शन नहीं दिया इसलिए हम कामकाज चलने नहीं देंगे। हिन्दुस्तान के इतिहास में ही नहीं, जनतंत्र के इतिहास में यह पहली घटना है कि बिहार विधान सभा के भीतर मिनिस्टरों के अंगरक्षकों ने गोलियां चलाईं। यह दूसरी बात है कि कोई घायल नहीं हुआ। आप भले ही कहते रहें कि यह आर०एस०एस० के लोग हैं, ये जनसंघ के लोग हैं, वे संगठन कांग्रेस के लोग हैं, लेकिन सी०पी०आई० के लोग भी हैं उसके बारे में आप बोलते नहीं हैं। मैं

कहना चाहता हूं कि एक भी आर०एस०एस० का कार्यकर्त्ता वहां नहीं पकड़ा गया, एक भी जनसंघ का कार्यकर्त्ता आग लगाने के समय नहीं पकड़ा गया . (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय सर्चलाईट आजादी के आंदोलनकाल में बिहार के स्वातंत्र्य सेनानियों का बिल्कुल स्वर मुखरित करता था। उस पेपर के ऊपर भी इस प्रकार की जो घटनाएं घटी है ये कोई नई बात नहीं है इससे पांच दिन पहले गफूर साहब ने सर्चलाईट और प्रदीप को सारे एडवरटाईजमेंट बन्द कर दिए थे और ये समाचार पत्र उनके कोपभाजन बने थे। इतना ही नहीं गफूर साहब ने खाद्य मंत्री को डिसमिस करने के बाद एक खाद्य सलाहकार समिति का नामांकन किया था और उस खाद्य समिति ने मंत्री स्तर पर बराबर दो पत्रकारों को दिया गया था जिसकी शिकायत प्रेस परिषद् में सर्चलाईट के एडिटर ने की थी। मैंने उसका प्रश्न उठाया था जो कि अनारंकित प्रश्न संख्या 3338 था उसमें धर्मवीर जी ने कल ही जवाब दिया था कि यह प्रेस परिषद् के विचाराधीन है। इस प्रकार से बिहार की सरकार सर्चलाईट के एडिटर से और प्रदीप से चिढ़ी हुई थी और इसलिए जानबूझ कर ऐसा किया गया।

इस कांड में, उपाध्यक्ष महोदय, हमारे धनतंत्र में जिनको नकद नारायण मिश्र कहा जाता है, वे बिहार की राजनीति में नये-नये खेल खिला रहे हैं, उन्होंने बिलकुल मोटिवेट हो कर बदला लेने की भावना से कम्युनिस्टों के साथ साठ-गांठ कर के उस प्रेस को जलवा दिया।

इतना ही नहीं यह ता० 20 की घटना है—ता० 20 को 500 आदमियों की उत्तेजित भीड़ ने, जिनमें छात्र भी थे, समाजविरोधी तत्व भी थे, उन लोगों ने कमश्टोरेट, पुलिस स्टेशन पर पथराव किया। ता० 21 को "इंडियन नेशन" में निकला है कि उन लोगों ने बायलेंट हो कर पथराव किया। उसके बाद वे लोग कोसी फ्लड कन्ट्रोल आफिस की तरफ बढ़े जहां उन्होंने आग लगा दी, जहां नगेन्द्र नाथ साहू, सी०पी०आई० लीडर को पकड़ा गया लेकिन आज इस बात को छिपाया जा रहा है, क्योंकि कम्युनिस्टों के साथ आप का एलाइंस है। गफूर मंत्रिमण्डल छल-बल के बल पर टिका हुआ है और यह गुण्डागर्दी करा रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, अगर वहां की जनता की भावना का आदर नहीं किया जायेगा तो फिर आगे क्या होगा, कोई कह नहीं सकता। अब मैं एक अन्तिम बात कह कर अपना वक्तव्य समाप्त करना चाहता हूं और वह यह है कि आज लगातार 4–5 सालों से बिहार की हालत खराब है। 1971 में सारा बिहार बाढ़ में ग्रस्त रहा, 1972 में सूखाग्रस्त रहा, 1973 में बारिश कम होने और नहरों में पानी न मिलने के कारण धान की पैदावार नहीं हुई। इसलिये वहां की स्थिति इतनी भयावह हो गई कि केन्द्र से गेहूं मांगा गया, चावल मांगा गया, लेकिन क्या मिला—सी०आर०पी० के नौजवान, आर्मी के नौजवान, जो वहां जाकर निरीह जनता पर गोलियों की वर्षा कर रहे हैं और इस दरमियान में लगभग 70 आदमी मारे गये। ऐसी स्थिति में मैं चाहूंगा गृह मंत्री यदि वास्तव में वहां की समस्या का समाधान चाहते हैं तो विद्यार्थियों की मांगों को जिनमें एक मांग शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन की है, उन सारी मांगों को मान लें और हमारे जो बच्चे शहीद हुए हैं, मारे गये हैं उनका सम्मान करें। इस प्रकार की स्थिति का सही आकलन होना चाहिये कि ये सब कार्य आर०एस०एस० करा रहा है या सी०पी०आई० के लोग करा रहे हैं—इस बात की जांच होनी चाहिये––इससे स्पष्ट पता लग जायेगा कि वास्तव में कौन चोर है और कौन साहूकार है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जो एक उदात्त राष्ट्रवादी संस्था है, उसके सम्बन्ध में जो बातें कही जाती हैं उचित नहीं है, जिनके हाथों में खून लगा हुआ है उनको छोड़ा जा रहा है। वस्तु स्थिति की जानकारी के लिये तमाम विषयों पर एक जांच आयोग बैठाया जाये जो उचित जांच करके वहां की स्थिति को देखे, साथ ही साथ विद्यार्थियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाये।

श्री सतपाल कपूर (पटियाला) : डिप्टी स्पीकर साहब, श्री भागवत झा आजाद ने, जो बिहार के मेम्बर हैं, साफ़ तौर पर कहा है कि स्टूडेंट्स की जितनी मांगें हैं हम उनका पूरी तरह से समर्थन करते हैं। सारे मुल्क में आज यह सवाल पैदा हो रहा है कि स्टूडेंट्स की मांगें और मंहगाई के खिलाफ़ जनता का गुस्सा, लोगों की आवाज इसको किस तरह से टैकल किया जाये। सारे मुल्क में मंहगाई और बेकारी है—इस बात से कोई इन्कार नहीं करता, लेकिन सवाल यह है कि किन पालिसियों पर चल कर हम मंहगाई के सवाल को हल कर सकते हैं। अगर इस ढंग से, जिस ढंग से आज हम चल रहे हैं, चलते रहें तो मंहगाई का मसला हल हो सकता है, बेकारी का मसला हल हो सकता है, मौजूदा पालसियों पर चल कर, तो हमारे मुल्क में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो यह समझते हैं कि आज की सियासत को बदलने की जरूरत है और बदलने के लिये जरूरी है कि लोगों के गुस्से का फायदा उठा कर इस मुल्क में तोड़ फोड़ की जाये। हम आज क्या देख रहे हैं आर० एस०एस० के लोग सारे मुल्क में एक फिजा पैदा कर रहे हैं और वह फिजा है.....(**व्यवधान**).....इस मुल्क में फ़ासिज्म आये, वह फिजा है इस मुल्क में जम्हूरियत का राज न रहे।

इलैक्शन लड़ना सबका हक है। कछवाय साहब भी यहां इलैक्शन जीत कर आये है, सभी लोग इलैक्शन जीत कर आये है, लेकिन जब इलैक्शन में हार जायें तो कहते हैं कि यह इलैक्शन का सिस्टम गलत है, हमें इस इलैक्शन के सिस्टम को बदलना है। यह बात समझ में आ सकती है कि आप इलैक्शन के तौर-तरीके को बदलना चाहते है, लेकिन इलैक्शन हारने के बाद आप यह कहें कि असेम्बली जब करो, क्योंकि इलैक्शन का तरीका गलत है, यह बात कुछ समझ में नहीं आती है। इलैक्शन में आप का विश्वास नहीं रहा इस मुल्क में ऐसी फिजा पैदा की जा रही है कि लोगों का इलैक्शन में कोई विश्वास नहीं रहा है। पीलू मोदी साहब भी यही बोलने लगे हैं इन की हालत यह है कि यू०पी० और उड़ीसा के इलैक्शन में बहुत बुरी तरह से हारे हैं, इसलिये यहां बौखला रहे हैं और उस बौखलाहट में समझते हैं कि इस मुल्क में फासिज्म लाया जाये।

स्टूडेंट्स की मांगों के साथ हमारा कोई एतराज नहीं है गवर्नमेंट उन मांगों को मन्जूर करे, इस बात में कोई एतराज नहीं है, बल्कि हम को खुशी होगी उनके साथ हमारा समर्थन है ताईद है सपोर्ट है, लेकिन जब स्टूडेंट्स जलूस निकालते हैं तो आग लाने कौन जाता है, तेल लेकर कौन जाता है, पेट्रोल लेकर कौन जाता है? ये आर० एस०एस० के लोग आग लगाने की बात करते हैं आग लगाते हैं, जो इन को फण्ड न दे, चन्दा न दे, उसका मकान फूंकना, उसकी दुकान फूंकना इन का हक है। पावर की टेम्पटेशन कुछ ऐसी है.... (**व्यवधान**)....हमारे अटल बिहारी बाजपेयी जी अपने दिमाग में एक ख्याल बना कर बैठ गये कि उनको यू०पी० का चीफ़ मिनिस्टर होना चाहिये। लेकिन जब यू०पी० के चीफ़ मिनिस्टर नहीं बन पाये तो भागे भागे ता० 16 मार्च को पटना पहुंचे, आनन्द मूर्ति के पास जाकर उन्होंने एक साजिश की। उनके साथ समर गुहा, प्रसन्न भाई मेहता और राज्य सभा के मेम्बर श्याम लाल यादव भी गये और उन्होंने साजिश की कि स्टूडेंट्स अपनी बात कहेंगे, लेकिन आनन्द मूर्ति के लोग और आर०एस०एस० के लोगों वहां जा कर एक तहरीक करेंगे, आग लगायेंगे, इस मुल्क में फासिज्म के बीज बोयेंगे।

डिप्टी स्पीकर साहब, आर०एस०एस० के लोग सरमायेदारों के एजेंट है। ये लोग इस मुल्क की उन नीतियों को तबदील करना चाहते हैं जिनके जरिये इस मुल्क में सरमायेदारों का खात्मा हो सकता है। ये लोग चाहते हैं—फासिज्म के जरिये, लूट और आगजनी के जरिये, इस मुल्क की उन पालसियों को रोक दें, जिनके जरिये आज श्रीमती इन्दिरा गांधी इस मुल्क से सरमायेदारी को खत्म करना चाहती है। ये चाहते है कि अनाज का व्यापार इन व्यापारियों के हाथ में रहे, फ्री-एन्टरप्राइज की पोलिटिक्स चलती रहे। इनके दिमाग में यह बात फंसी हुई है कि हमको फ्री-एन्टरप्राइज की पालिसी को सपोर्ट करना है, अनाज के व्यापारियों को आजादी दिलानी है।

पीलू मोदी साहब भी इन्हीं के साथी हैं, ये इन फासिस्टों से अलग नहीं हैं, ये भी सियासत में पिटे हुये मोहरे हैं, पीलू मोदी, अटल बिहारी बाजपेयी, आर० एस० एस० ये सभी पिटे हुये मोहरे हैं। जनता के रेजेक्ट किये हुये मोहरे हैं। हमें समझाया जाता है कि जमहूरियत में विश्वास करो। इनका जमहूरियत में विश्वास कैसे होगा? अगर चौधरी चरण सिंह 24 हजार वोटों से जीत जायें तो जमहूरियत ठीक है, अगर जगन्नाथराव जी जोशी चुनाव जीत जायें तो जमहूरियत ठीक है लेकिन अगर चुनाव में पिट जायें तो फिर जमहूरियत का तरीका सही नहीं है। सियासत के पिटे हुये यह मोहरे इस मुल्क में फासिज्म का रास्ता अपनाना चाहते हैं लेकिन मैं इनको बताना चाहता हूं कि इस मुल्क की जनता इस बात को कभी गवारा नहीं करेगी। यह लोग चाहते हैं कि चन्द जगहों पर आग लगाकर और दो-चार जगहों पर हल्ला-गुल्ला मचाकर इस मुल्क की पालिसीज को चेंज कर देंगे, श्रीमती इन्दिरा गांधी की नीतियों को बदल देंगे और इस मुल्क में फासिज्म ले आयेंगे लेकिन यह इनकी गलती है। इस मुल्क के लोगों का अटल विश्वास जमहूरियत पर है, इस मुल्क के लोगों का अटल विश्वास समाजवाद पर है और वे कभी भी इन फासिस्ट ताकतों को आगे नहीं आने देंगे। अगर यह इन निकम्मे तरीकों से सोचते हैं कि मुल्क की नीतियां चेंज हो जायेंगी और मुल्क में फासिज्म आ जायेगा तो यह इनकी गलती है, यह जिस तरह से भी चाहें मुकाबला कर के देख लें। इस देश में जो इलेक्शन्स हुये उसमें इन्होंने मुकाबला किया, यू० पी० में, उड़ीसा में और बिहार में इन्होंने मुकाबला किया और दो साल के बाद फिर लोक सभा के चुनाव आने वाले हैं। अगर इनके दिमाग में यह वहम हो कि स्टूडेन्ट्स को आगे करके (व्यवधान) मैं यहां पर नामिनेट होकर नहीं आया हूं, चुनाव में जमानतें जब्त करा कर...

श्री पीलू मोदी: इसीलिये मुझे चुनाव पर विश्वास नहीं रहता है।

श्री सतपाल कपूर: श्री पीलू मोदी और उनकी जो पार्टी है उनको चुनाव पर विश्वास नहीं रहता।

श्री पीलू मोदी: आपके चुनाव पर।

श्री सतपाल कपूर: इनके दोस्त जो इस देश के बाहर बैठे हैं वे इनकी तारों को हिलाते हैं कि किसी तरह मुल्क में ऐसे हालात बनाओ जिससे हमारा सामान बिक सके, हमारी नीतियां चल सकें, डिफेन्स का माल बिक सके और अमरीकन पूंजीवादी पी० एल० 480 सर्वाइव हो सके। इनकी पालिसी इस मुल्क में समायेदारी को मजबूत करने की है। इनके दोस्त चाहते हैं कि किसी न किसी तरह से इस मुल्क में पी० एल० 480 सर्वाइव हो। इसलिये इनकी पालिसी के बारे में कोई कन्फ्यूजन नहीं है। मैं आर० एस० एस० वालों से कहना चाहता हूं क्या आपका जमहूरियत पर विश्वास है? (व्यवधान) जमहूरियत पर आपका विश्वास हो नहीं सकता है। इनका विश्वास के० के० बिड़ला और डालमिया पर है और वह भी इनमें कोई अलग नहीं है। (व्यवधान)

श्री हुकम चन्द कछवाय (मुरैना): कांग्रेस पार्टी में 50 एम० पी० बिड़ला के हैं।

श्री सतपाल कपूर: जब यहां पर बैंक नेशनलाईजेशन करने का सवाल आया, जब प्रीवी पर्स बन्द करने का सवाल आया, जब लैंड रिफार्म्स का सवाल आया या जब फूडग्रेन्स के स्टेट टेक ओवर का सवाल आया तब यह सब बातें तय हो चुकी हैं कि कौन कुलक्स के साथ था और कौन नहीं था। यह तो जहनी तौर पर गुलाम हैं और वैसे भी गुलाम है।

श्री पीलू मोदी: यह मास्को के गुलाम हैं, बिड़ला के गुलाम हैं और पैसे के गुलाम हैं।

श्री सतपाल कपूर: मैं आपकी मार्फत सरकार से मांग करना चाहता हूं कि सरकार फौरी तौर पर आर० एस० एस० जैसे फासिस्ट आर्गेनाइजेशन पर पाबंदी लगाये। (व्यवधान) यह तो जनसंघ के है, आर० एस० एस० के नहीं है फिर इनको क्यों हमदर्दी है। आर० एस० एस० पार्टी का यहां पर कोई नहीं है।

श्री जगन्नाथराव जोशी: मैं यहां हूं।

श्री सतपाल कपूर: मैं चाहूंगा कि तोड़-फोड़ में विश्वास करने वाली आर० एस० एस० जैसी फासिस्ट पार्टी पर पाबन्दी लगाई जाये। इस मुल्क की जनता समाजवाद चाहती है। इस मुल्क की जनता जमहूरियत चाहती है। इस देश की जनता महंगाई का हल चाहती है, बेकारी का हल चाहती है और इसके लिये जितने भी कदम उठाये जा रहे है उनको तेजी से उठाया जाये ताकि सर्मायदारो के जो दलाल है उनका मुह काला हो सके।

श्री मधु लिमये (बांका) उपाध्यक्ष महोदय, कल बिहार की स्थिति पर गृह मंत्री जी का वक्तव्य सदन मे हुआ। हम लोग उम्मीद करते थे कि 18 तारीख को बिहार मे जो कुछ भी हुआ उसकी जो आर्थिक पृष्ठभूमि है उस पृष्ठभूमि को वे सदन के सामने रखेंगे लेकिन यह अफसोस की बात है कि गृह मंत्री जी ने जो वक्तव्य यहा पर दिया वह अधूरा, गुमराह करने वाला और पक्ष-पातपूर्ण था। इस जन-असतोष के कारण क्या है, इसका विस्फोट देश मे क्यो हुआ उसका कोई विश्लेषण इनके वक्तव्य मे नही था। बिहार मे इस तरह का विस्फोट होना एक माने मे अनिवार्य था क्योकि एक अर्से से बिहार का कगालीकरण हो रहा है, विकास का काम ठप्प है, कृषि उत्पादन मे कटौती हुई है और बेकारी बढ रही है। ऐसी हालत मे सरकार के द्वारा जो समुचित कार्यवाही होनी चाहिये वह एक अर्से से नही हो पाई। इसी लिये इस असतोष का विस्फोट बिहार मे हुआ है। केवल विरोधी दलो पर कीचड उछालने, दोषा-रोपण करने से इस स्थिति से इन्कार नही किया जा सकता है कि सरकार की गलत और निकम्मी नीतियो के कारण आज बिहार मे यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

यह 14 तारिख का "इडियन नेशन" है जो कांग्रेसी विरोधी अखबार नही है, श्री ललित नारायण जी का समर्थक है, उसने 14 तारीख को अपने एडिटोरियम मे क्या कहा है, उसके दो तीन जुमले मैं आपके सामने रखना चाहता हू। यह अकेला अखबार बचा है क्योकि सर्चलाइट को जला दिया गया आप लोगो के द्वारा।

श्री उमाशंकर दीक्षित: यह पत्र कांग्रेस समर्थक नही है। कोई भी नियमित रूप से इसके आर्टिकिल पढे तो स्वीकार करेगा कि यह कांग्रेस समर्थक नही है।

श्री मधु लिमये: मैं जानता हूं यह श्री ललित नारायण जी का समर्थक है।

The Indian Nation says :

"Congress legislators, be they ministerialists or dissidents, have repeatedly told Chief Minister Ghafoor what is happening in Gujarat may happen in Bihar also if the Government does not take effective steps to check price rise, hoarding, profiteering, adulteration etc. Opposition parties and detached people have also been giving this warning to the Government. But that was dismissed as politically motivated. Is the warning given by the Congress legislators also politically motivated ?"

यह 14 तारीख को कहा। ना कांग्रेसी विधायक स्वय बिहार मे गफूर मंत्रि-मण्डल को चेतावनी दे रहे थे कि यदि दाम वृद्धि के ऊपर रोक नही लगायी गई, ईजारेदारी के ऊपर रोक नही लगाई गई और इसी तरह अभाव की स्थिति बनी रही तो गुजरात की पुनरावृत्ति बिहार मे भी हो जायेगी। यह कांग्रेसी कहते थे। तो आज विरोधी दलो का नाम लेकर यह लोग क्या चिल्ला रहे हैं। यह 14 तारीख को इनके द्वारा चेतावनी दी गई।

मान्यवर, बिहार की पृष्ठभूमि का मैं आपके सामने रखना चाहता हू। 1961 की जन-गणना के बाद बिहार मे इतनी तेजी से कगालीकरण की प्रक्रिया चल रही है कि इसकी ओर अगर आप ध्यान नही देंगे तो इससे भी बडा विस्फोट बिहार मे हो जायेगा, यह मैं कहना चाहता हू। दो सेंसस के बीच मे, 1961 और 1971 के बीच मे, जहा समूचे भारत मे काम करने वालो की आबादी मे काश्तकारो का अनुपात 52 प्रतिशत से घट कर 42 प्रतिशत रह गया खेतिहर मजदूरो का अनुपात 16 फीसदी से बढ कर 25 फीसदी हो गया। यह

अखिल भारतीय आंकड़े हैं। लेकिन बिहार की स्थिति विशेष चिन्ताजनक है। यहां 1961 में काश्तकारों का अनुपात 58 8 प्रतिशत था, 10 साल के अन्दर वह घट कर 42.3 प्रतिशत रह गया और बहुत बड़ी मात्रा में गरीब किसान खेतिहर मजदूरों की सेना में भर्ती हो रहे हैं। जहां खेतिहर मजदूरों का अनुपात 1961 के अनुसार 22 9 प्रतिशत था, 10 साल के बाद 38.2 प्रतिशत हो गया। 38 प्रतिशत बिहार में खेतीहीन और भूमिहीन लोग हैं। इनके लिये यदि गल्ले का इन्तजाम नहीं किया जायेगा तो उनकी क्या स्थिति होगी ?

बिहार कमी का इलाका है और वहां विगत साल में कुछ इलाकों में अभाव की स्थिति थी और चावल का दाम साढ़े तीन से चार रु० किलो कई इलाकों में है। मक्का का दाम ढाई रु० से तीन रु० किलो हो गया। ऐसी स्थिति में यह गरीब लोग क्या करेंगे? तो एक पृष्ठभूमि यह अभावों की थी। उसके बारे में एक शब्द भी गृह मंत्री जी ने नहीं कहा कि इस को दूर करने के लिये सरकार क्या कर रही थी और क्या करने वाली है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं अनाज और गल्ले के बारे में आप के सामने कुछ आंकड़े रखना चाहता हूं। मैं जिन राज्यों के आंकड़े देने वाला हूं उन में बिहार की आबादी बहुत ज्यादा है, गरीब लोगों की संख्या भी बिहार में सबसे अधिक है। गल्ले की सब से कम मांग बिहार ने की थी लेकिन उस को गल्ला सब से कम दिया गया। केरल ने 13 लाख 48 हजार टन गल्ला मांगा। 75 प्रतिशत केरल की मांग को पूरा किया गया। पश्चिम बंगाल ने 25 लाख 70 हजार टन गल्ला मांगा और 73 प्रतिशत उनकी मांग को पूरा किया गया। महाराष्ट्र ने 36 लाख 83 हजार टन गल्ला मांगा, 69 प्रतिशत मांग को पूरा किया गया, और जिस गुजरात में उत्पात हुआ उसने 18 लाख टन अनाज मांगा, 45 प्रतिशत मांग को सिर्फ पूरा किया गया। लेकिन बिहार ने केवल 17 लाख 40 हजार टन गल्ला मांगा और आप ने इतनी कम मांग करने के बाद भी सिर्फ 27 प्रतिशत मांग को पूरा किया है। इतनी कम मांग करने के बाद भी अगर इस गरीब सूबे को केवल 27 प्रतिशत मांग पूरी की जायेगी तो क्या आप सोचते हैं? कब तक लोग इस बात को बर्दाश्त करेंगे ?

जहां तक कृषि उत्पादन का सवाल है सरकार की गलत नीतियों के चलते जब पंजाब, हरियाणा में हरित क्रांति हो रही थी, सरकार की गलत नीतियों के कारण बिहार में कृषि उत्पादन हर साल 2 प्रतिशत घट रहा था। और जहां तक सीलिंग का सवाल है क्या इस बात से इन्कार कर सकते हैं कि सीलिंग के कानून पर बिहार में बिल्कुल अमल नहीं हुआ है। आज भी कई ऐसे बड़े बड़े जमींदार हैं कांग्रेस पार्टी के समर्थक हैं, मंत्रिमण्डल के हैं, जिन के पास 25, 25, 30 30 हजार एकड़ भूमि है और जो लेवी में बिल्कुल गल्ला नहीं देते हैं। यह भी हुआ है बिहार में कि इन बड़े जमींदारों ने जो कांग्रेस पार्टी के समर्थक हैं, राशन का गल्ला खरीदा रिश्वत देकर और वही लेवी में दिया और अपना जो गेहूं है उसको कलकत्ते की मंडिया में या दूसरी मंडियों में 350 रु० क्विन्टल की दर से बेचा है।

इधर दो साल से मान्यवर, बिहार में लोग रबी की फसल करने लगे। लेकिन 76 रु० गेहूं का दाम देकर और फर्टिलाइजर नियंत्रित दाम से दुगने दाम पर बेच कर आप ने छोटे और मध्यम श्रेणी के किसानों को बरबाद किया। दो साल से रबी की फसल की ओर अभिमुख हो रहे थे, लेकिन सिंचाई का कोई इन्तजाम नहीं है। एक विशेषज्ञ की बात मैं आप के सामने रखना चाहता हूं। यह सिंचाई वाला विशेषज्ञ कहता है

> "The cost of the completed major and medium irrigation schemes in Bihar was the lowest only Rs 516 per hectare as compared to Rs. 793 in Uttar Pradesh, Rs 806 in West Bengal and as high as Rs. 3,432 in Mysore"

तो सिंचाई का खर्चा बिहार में सब से कम होने के बाद योजना मंत्री श्री धर सिंचाई योजना की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

छात्रों की मांगों की बात की गई। उनकी मांगें बहुत सारी छात्रवृत्ति की मांग है। महंगाई बढ़

[श्री मधु लिमये]

गई है, यह केवल ऐलान कर रहे हैं। इससे कोई नतीजा नहीं होगा। सिर्फ कागज की बात कहता हूं कि क्या कागज का दाम एक साल में दुगुना नहीं हुआ। एक ट्रक बांस 6 रु० में बिड़ला की आरियन्ट पेपर मिल को मिलता है तीन ट्रक बांस 18 रु० का हो गया उससे एक टन कागज बनता है जिसकी कीमत आज 1,500 रु० टन है। आप लोग क्या कर रहे हैं? आप की सरकार है लेकिन कागज का दाम आरियन्ट पेपर मिल के कागज का दाम डबल हो गया 18 रु० के कच्चे माल पर कागज मिल 1500 रु० कमा रही है। क्या करेंगे छात्र? अगले साल पाठ्य पुस्तकें छपेंगी कि नहीं इसके बारे में कुछ पता नहीं है।

फर्टिलाइजर के बारे में मेरे एक प्रश्न के उत्तर में कहा गया उत्तर प्रदेश में जैसे चुनाव नजदीक आया तो पहले 6 महीने में 2 लाख टन फर्टिलाइजर उत्तर प्रदेश को दिया। लेकिन सितम्बर के बाद जैसे ही चुनाव नजदीक आया मेरे प्रश्न के उत्तर में कहा 2 लाख 80 हजार टन फर्टिलाइजर चुनाव के अवसर पर उत्तर प्रदेश को दिया गया। यानी 40 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

SHRI K P UNNIKRISHNAN He is misleading the House This has been denied in the House by the Minister Mr Borooah

14.00 hrs.

श्री मधु लिमये यह प्रश्न है सुन लीजिये। यह माननीय फखरुद्दीन अली अहमद ने कहा है वितरण का काम उनका है बरुआ साहब का नहीं। बरुआ जी का काम पैदावार का है और माननीय फखरुद्दीन अली अहमद का काम वितरण का है उन्होंने ही यह आंकड़े दिये हैं सितम्बर अक्तूबर, नवम्बर दिसम्बर जनवरी और फरवरी के इन तीन क्वार्टर्स में पहले क्वार्टर में 1 लाख 65 हजार टन और दूसरे क्वार्टर में 1 लाख 16 हजार 670 टन कुल मिला कर 2 लाख 80 हजार टन फर्टिलाइजर दिया। जबकि पहले 6 महीनों में 2 लाख टन था। 6 महीने में 40 प्रतिशत वृद्धि हो गई। फर्टिलाइजर्स की स्थिति क्या है। उसका आज दाम अनियंत्रित है। साढ़े बावन रुपये बड़े बोरे का उसका दाम है और बिहार के किसानों को वह 100 रुपये और 110 रुपये में मिल रहा है। तो मैं समझता हूं कि नीतियों की विफलताओं और असफलताओं के कारण बिहार में यह सारा जन-असंतोष पैदा हुआ है। मैं अपने उन विरोधियों से भी कहना चाहता हूं जो कि आर०एस०एस० और आनन्द मार्गियों का दोष देंगे। उनमें से कुछ कम्युनिस्टों का दोष देंगे लेकिन मैं किसी का दोष नहीं देता हूं। मैं गफूर साहब और इन्दिरा जी की सरकार का दोष देता हूं, मैं किसी विरोधी पार्टी का दोष नहीं देता हूं

(व्यवधान) मेरे पास गफूर साहब का भाषण है, आप के ऊपर भी उन्होंने लांछन लगाया है। आप एक दूसरे से क्या लड़ रहे हैं।

मैं मांग करना चाहता हूं कि गफूर सरकार ने अपना निकम्मापन साबित किया है और उन के इस्तीफे की मांग श्री जय प्रकाश नारायण जैसे आदमी ने की है। मैं आप से कहना चाहता हूं कि वह निकम्मी सरकार है।

SHRI YAMUNA PRASAD MANDAL (Samastipur) That great soul is not present here

श्री मधु लिमये वे सदन में मौजूद नहीं हैं, लेकिन वह इस दुनिया में तो हैं। वे अभी चल नहीं गये हैं और उन्होंने मांग की है कि गफूर साहब के मंत्री मण्डल का इस्तीफा दे देना चाहिये, लेकिन अगर गफूर साहब इस्तीफा नहीं देंगे, तो अब समय आ गया है कि केन्द्र में 1967 में आप ने बिना वजह कम्युनिस्ट हुकूमत का बर्खास्त किया था और इतनी असफलताओं के बाद भी अगर आप गफूर साहब की सरकार को बनाये रखेंगे तो मैं आप से कहना चाहता हूं कि केवल गफूर साहब के मंत्री मंडल के इस्तीफा की ही मांग मैं ही नहीं करता हूं बल्कि बिहार की विधान सभा को बर्खास्त करने की मांग भी मैं करता हूं और साथ ही साथ इस लोक सभा को भी जिस ने अपना निकम्मापन साबित किया है और गरीबी हटाओ, बेकारी हटाओ के नाम पर यह चुनाव

जीती है, लेकिन गरीबी मिटाने की बजाये गरीबों को मिटाया है, ..(व्यवधान)..इसलिये समय से अगर कार्यवाही नहीं की गई, तो समूचे देश, से क्या गुजरात, क्या बिहार, क्या पश्चिम बंगाल और क्या महाराष्ट्र, सभी जगहों से यह मांग आयेगी कि इस निकम्मी लोक सभा को भी बर्खास्त कर दिया जाये और बिहार की विधान सभा को बर्खास्त किया जाये ।

श्री विभूति मिश्र (मोतीहारी) : उपाध्यक्ष महोदय, जो लोग जख्मी हुये चाहे पुलिस वाले हों या दूसरे लोग और जो मारे गये हैं, उन सब के प्रति मेरी सहानुभूति है और मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि भगवान उन की आत्मा को शांति दे ।

दूसरी बात यह है कि मैं मंत्री जी से मांग करता हूं कि जो निर्दोष मारे गये हैं, उन के बारे में मंत्री जी जांच करवायें और उन के घर में जो उन के बच्चे हैं और विधवायें हैं, उन को उचित मुआविजा दे कर उन की सहायता करें ।

तीसरी मेरी मांग यह है कि छात्रों की जो मांग है, केन्द्रीय स्तर पर विद्यार्थियों को बुला कर उन से बात करनी चाहिये और उन की कठिनाइयों को दूर कर के उन की सहायता करें ।

इस के अलावा एक बात मुझे यह कहनी है कि 16 तारीख को मारे सूबे में सी० पी० आई ने प्रदर्शन किया । बेतिया में प्रदर्शनकारी कचहरी में घुस गये । वह कचहरी शहर के बीच में है और उस के चारों तरफ मीना बाजार है और दूसरे बाजार हैं और बहुत सारे लोग वहां पर हैं । नतीजा यह हुआ कि वहां पर कचहरी में घुसने के बाद जब ये लोग तोड़-फोड़ करने लगे और लोगों को अपनी जान बचाना मुश्किल हो गया, तो मैजिस्ट्रेट के कहने पर लाचारी में वहां पर गोली चलानी पड़ी । गोली चली और बेतिया में अब तक 7 आदमी मारे जा चुके हैं और आज श्री सुदामा मिश्र, एम० एल० सी० से पता चला है कि दो आदमी और मरे हैं । अब इस की तो तसदीक करेंगे, लेकिन हो सकता है कि 9 आदमी मरे हों । इस तरह से बिहार में 22 में से 9 आदमी केवल बेतिया में ही मरे हैं । मैं यह चाहता हूं कि वहां पर जो यह कार्यवाही हुई है, उस कार्यवाही में सी० पी० आई० ही अकेला नहीं था, उसमें सी० पी एम० और सी० पी (एल) भी शामिल था, इस बात की जांच आप कीजिये । हमारा तो दीक्षित जी से यही कहना है कि चाहे जनसंघ ने हम को मारा हो, चाहे सी० पी आई० ने मारा हो और चाहे सी० पी० एम ने मारा, हमारे लिये क्या अन्तर है क्योंकि बघवा धईलस तार धर गईल, बघीनिया धईलस तधर गईल । हमारे खिलाफ तो दोनों ही हैं, इसलिये हमारा कोई दोस्त नहीं है ।

मुझे एक बात कहनी है कि बेतिया में जो यह घटना हुई, इस घटना का असर सारे सूबे पर हो गया । और जगह भी लोग मारे गये हैं । पता नहीं मधु लिमये जी कहां चले गये, मैं बताना चाहता हूं कि श्री परमिन्द्र नारायण वर्मा इन की पार्टी के एक जबरदस्त मेम्बर हैं । वे पहले कांग्रेसी थे । उन के भतीजे को गोली मारी गई । किस्मत से वह मरा नहीं और मोतीहारी के अस्पताल में वह बच गया । कोर्ट में मुकदमा चला जाता है । लाखों रुपया आनन्द मार्ग वाले देना चाहते हैं कि मुकदमा वापस ले लो और सुलह कर लो । मैं चाहता हूं कि दीक्षित जी इस की फाइल मंगा कर जांच करें । इसी जगह मैंने अटल बिहारी जी से कहा था कि आप ऐसी पार्टी की मदद करते हो और कहां चले गये गुहा साहब ? उन की पार्टी का आदमी गोली से मारा गया और वे हिंसा को कन्डेम नहीं करते । इसी तरह से नरेन्द्र के बेटे को, जिस ने इंजीनियरिंग पास किया था, आनन्दमार्गी बहका कर ले गये और उस के घर वाले परेशान हैं, वे लड़के के लिए भटकते फिरते हैं । गौरी शंकर जी प्रेम के रेप्रेजेन्टेटिव हैं । मैंने उन से कहा कि किसी तरह से उन के लड़के को छुटकारा दिलाइये ताकि वह अपने माता-पिता की सेवा करे ।

ये हमारे सी०पी०आई०, सी०पी०एम और सोशलिस्ट पार्टी वाले कहते तो यह हैं कि हम गरीबों के साथ हैं लेकिन मदद करते हैं ये धनिकों

[श्री विभूति मिश्र]

की। आप के राम पदारथ सिंह के पास 400 बीघा जमीन है और माली भगत के पास 200 बीघा जमीन है और वे कहते हैं कि हम सी० पी० आई० के सदस्य हैं। ये गरीब लोग है? और कहां चले गये मधु लिमये जी? उन की पार्टी के अहिरवलिया साहब की धनी बाबू ल०मी सिंह से दोस्ती है। तो ये हैं जनसंघ और सोशलिस्ट पार्टी के धनी लोग ये कहां से सोशलिज्म लाएंगे। ये लोग कांग्रेस को दोष देते हैं। मैं यह पूछना चाहता हू कि बिहार मे जो यह घटना हुई है, इस के पीछे किन लोगों का हाथ है। अभी हमारे भोगेन्द्र झा जी ने कहा कि कहीं लूटपाट नही हुई है। 17 तारीख का यह मन्डे स्टैन्डर्ड है। इस मे लिखा है —

"The mob also looted the shops and damaged the Public property."

इसका इन्होने खडन नही किया है।

उपाध्यक्ष जी, मैं बताना चाहता हू कि आरोरा शू शाप को लूटा गया। वह एक रिफ्यूजी है। भारत जलपान को लूटा गया। एक रिफ्यूजी है। अमर होटल को लूटा गया और वह भी एक रिफ्यूजी है। इन दो रिफ्यूजियों की दूकानों को लूट लिया गया इन छोटे छोटे लोगों को सी० पी० आई०, सी० पी० एम० आदि लोगो ने लूटा। कुछ धनी लोगों को भी लूटा। सतनारायण रजगढिया की बार को तोड़ा। मुजफ्फरपुर के पेट्रोल पम्प को लूट लिया। मैं पुलिस की तारीफ करता हू कि उसने मीना बाजार की तरफ इन लोगो को जाने नही दिया। अगर मीना बाजार की तरफ चले जाते, तो करोड़ो रुपया की सम्पत्ति लूटते और अगर आग लगा देते, तो करोड़ो रुपयों की सम्पत्ति नष्ट हो जाती। इस के लिये मैं पुलिस की तारीफ करता हू।

हमे दुख हुआ जब पटना के सचलाइट अखबार को क्षति पहुचाई गई। इस अखबार का सबध राजेन्द्र बाबू से रहा है, अनुग्रह बाबू से रहा है। यह अखबार आनन्द मार्गियों के खिलाफ लिखा करता था इसलिए आनन्द मार्गी जो थे उन्होने अपना क्रोध अपना आक्रोश उस पर निकाला। मै चाहता हू कि आप जाच करे और पता लगाये कि क्या यह सही है या गलत है। भीड़ इंडियन नेशनल पर भी गई। यह कहा जाता है कि वह महाराज दरभंगा का अखबार है। महाराजा दरभंगा तो मर गये हैं। वहा के आदमी समझते हैं कि यह हमारा अखबार है। इसलिये उन्होने उसको डिफेंड किया, लाठिया डडे ले कर खडे हो गये। मै चाहता हू कि जो इनको क्षति पहुची है और दूकानदारो को जो नुकसान हुआ है, उसकी सरकार क्षतिपूर्ति करे।

मोतीहारी मे भी इन लोगो ने उपद्रव करना शुरू किया था। लेकिन वहां के डी० एम० और एस० पी० दोनो बहुत तगडे हैं। उन्होने शात रखा। उनको वहा से बदलने के लिय कई बार बहुत जोर भी लगाया गया है। वे बिल्कुल बाहर दूसरो के यहां जा कर कुछ नही खाते है। वे सख्ती से ला एड आर्डर कायम रखते हैं। ये किसी के यहा पानी पीने भी नही जाते है। उनके कारण ही वहा शाति रह सकी है।

हमारे ज्योतिर्मय वसु साहब चल गये हैं। उनका और सी० पी० आई०, सी० पी० एम० आदि का बहुत झगडा रहता है। सोशलिस्ट पार्टी का बहुत झगडा रहता है। वे वहा सब इकठ्ठे हो गये भीड का इकठ्ठा किया। जो लटपाट हुई उसको न भोगेन्द्र झा ने कडम किया न किसी और ने बेलिया मे लूटपाट हुई, आप कहते हैं नहीं हुई। मडे स्टैन्डर्ड मे निकला। हालात को एकदम रहन अहि मयूर मम बाग, जमल तपावन सोकियो, दीरघ, दाघ निदाघ। ज्योंही की कही धूप मे साप बिच्छू, बाघ सब धूप के कारण इकठ्ठे हो जाते है। उसी तरह से ये भी हो गये। कारण एक ही है। इनका कांग्रेस का हराने का ही मकसद है। चुनाव मे ये इसके मुकाबला मे जीत तो सकते नही हैं, इसलिये किसी न किसी बहाने से हिंसा का सहारा लेना चाहते है। दुख है कि बेलिया मे, और मोतीहारी मे गाधी जी ने शाति का पाठ पढाया, फिर भी बेलिया मे अशाति कराई। बेलिया मे शहीद भगत सिंह रहे है, चन्द्र शेखर आजाद रहे हैं, सब रहे है, वहा पर हिंसा के काम करवाना बहुत नाजायज है।

जब कभी कोई झगड़ा तकरार होती है तो रेलवे प्रापर्टी को, सार्वजनिक सम्पत्ति को रोष का शिकार बनाया जाता है। उसका इससे क्या मतलब है ? यह बहुत नाजायज है, इसको कड़ाई करना चाहिये। किसी ने नहीं किया है। हम सब को देखना चाहिये कि सरकारी प्रापर्टी को किसी भी हालत में हम नुकसान न पहुंचायें।

ये नारा लगाते है कि इंदिरा गांधी को हटाओ उनको हटाने के लिये उन जैसा कोई नेता तो सामने खड़ा करो। आपकी पार्टी में कितने उस स्टेचर के आदमी है ? हमारी पार्टी में जितने त्यागी और तपस्वी है उतने आप सब की पार्टियों में भी है ? कितनी बार आप में से कोई जेल गया--(व्यवधान)

आप देखें कि कर्पूरी ठाकुर साहब ने क्या किया उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अंग्रेजी में फेल हो उसको भी पास कर दो। लोगों ने इसको कर्पूरी ठाकुर मारका एजुकेशन कहना शुरू कर दिया है। मैं श्यामनन्दन मिश्र जी को जज बनाता हूं और वह जा कर विद्यार्थियों से पूछ लें कि वे इसके बारे में क्या कहते है। वे कहते है कि कर्पूरी ठाकुर की वजह से हम को नौकरी नहीं मिल रही है। श्याम बाबू जी जाकर जांच करें कि नौजवान कहते या नहीं कि उन्होंने हम को बरबाद किया है।

महामाया बाबू का नाम भी लिया गया है। उन्होंने आजन्म तपस्या की है। सारी धन दौलत कांग्रेस के काज में लगा दी। बाद में वह बहक गये। पार्टियां बदलने लग गये। आज इस पार्टी में तो कल दूसरी पार्टी में। एक पार्टी में रहते तो बहुत कर जाते। हम उनका बड़ा आदर करते है। आपकी पार्टियां न एक हो सकती है और न गवर्नमेंट को अपने हाथ में ले सकती है। आप लोग गड़बड़ी कर रहे हैं मैं दीक्षित जी से कहूंगा कि वह सख्ती से काम ले और सख्ती इस मामले में बरतें।

जो गोली चली है वह आप लोगों ने चलवाई है। मैं लिमये जी को कहता हूं कि उनकी पार्टी के श्री प्रसिद्ध नारायण वर्मा के भतीजे को आनन्द-मार्गी लोगों ने गोली मार दी। मोतीहारी कोर्ट में उसका मुकदमा चल रहा है। फिर भी आपकी पार्टी के लोग उनके साथ जेल में मिलने गये। आपकी पार्टी का क्या कोई स्टैंडर्ड है ? आप रुपया दे कर मुकदमे को अब कमजोर करवा रहे हैं—

श्री मधु लिमये हम अपनी देख लेंगे, आप अपनी देख लें।

श्री विभूति मिश्र आपकी पार्टी को मैं देखता आ रहा हूं, जनसंघ सी०पी०आई, सी०पी०एम० को मैं देखता आ रहा हूं और बराबर जीतता आ रहा हूं। अगली बार भी जीतूंगा।

श्री श्यामनन्दन मिश्र (बेगुसराय) : अगर ऐसी गम्भीर स्थिति पर किसी भी लोक सभा में विचार होता, फर्ज करें कि ब्रिटेन की लोक सभा में होता तो वहां का प्रधान मंत्री उस विवाद में स्वयं भाग लेता और सदस्यों के विचारों को सुनता। लेकिन मुझे लगता है कि हमारी प्रधान मंत्री जो परिस्थितियां है और जो चेतावनियां दे रही है भविष्य भयानक होने की सूचना दे रही हैं, उनको देखने से इन्कार कर रही हैं और उनके कान पर जूं भी नहीं रेंगती है और वह समझती है कि सदन में चार जिम नगर के विषयों पर चर्चा हो उनकी गाड़ी अपने ढंग से चलती जायेगी।

बिहार की स्थिति अत्यन्त गम्भीर और चिन्ताजनक है। वहां शासन ठप्प पड़ गया है और स्कूल-कालेज बिल्कुल बन्द है। अगर आप पटना की सड़कों पर घूमें तो वहां गाड़ियों के चलने और दुकानबन्द मिपाहियों की गश्त के सिवाये और कुछ देखने को नहीं मिलेगा। मुझे तो ऐसा लगता है कि वहां पर एक मानी में राष्ट्रपति-शासन लागू हो गया है, क्योंकि वहां सी० आर० पी० और बी० एस० पी० की गोलियां चल रही है यातायात और अन्य सब काम बन्द हैं और सैक्रेटेरियट पर अर्धसैनिक के लोग लगे हुये है।

लेकिन फिर भी इस सदन में सदस्यों में चिन्ता व्याप्त नहीं दिखाई देती है और वे इस बहस में अनावश्यक कटुता और राजनीतिक दांव-पेंच को ला रहे है। मैं साफ कहना चाहता हूं कि अगर ये लोग चुनाव के हीरो है तो वे कार्य-क्षेत्र के जीरो हैं। ये लोग चुनाव के हीरो बन कर हमारे

[श्री श्यामनन्दन मिश्र]

सामने बहुत शान बघारते हैं। लेकिन गुजरात में इन को क्या हो गया है? और बिहार में क्या होने वाला है इस को ये जल्दी देखेंगे। अगर इन लोगों ने अभी भी इन सारे वाकयात से सबक नहीं लिया तो आज जो आग पटना में लगी है वह दूर तक अन्य स्थानों में भी फैल जायेगी।

दो तीन दिन पहले मैं वहां मौजूद था। मेरी आंखों ने जो देखा उस को मेरी जुबान पूरी तरह से बयान नहीं कर सकती है। यह आग भड़केगी। बिहार में भी संग्राम की परम्परा है। फिर भी गुजरात जैसी परम्परा बिहार की नहीं है। उस के नजदीक बलिया का भी इलाका है जहां 1942 में इनकलाब हुआ था जब बिहार में भी इनकलाब हुआ था, और उस में जहां यह आग भड़की--

प्रो० मधु दंडवते : (राजापुर) : गुजरात की परम्परा संघर्षशील परम्परा रही है--बल्कि दांडी और बारडोली की परम्परा है।

श्री श्यामनन्दन मिश्र : मैंने यह नहीं कहा कि कहीं दूसरी जगह वैसी परम्परा नहीं है। क्या मैंने यह कहा? मैंने कहा है कि वहां बड़ी परम्परायें हैं, और वहां अगर यह आग लगी, तो, अभी तक उस की चिंगारियां जिलों तक पहुंची हैं, प्रखंड के स्तर तक भी जल्द जायेंगी...

श्री मधु लिमये : जा चुकी हैं।

श्री श्यामनन्दन मिश्र : और मैं देख रहा हूं कि ये लोग जो कुछ कर रहे हैं, उस से वे इस बात का इन्तजाम कर रहे हैं कि वह आग और भड़के। वहां की स्थिति गुजरात से ज्यादा जटिल होने वाली है। कहते हैं कि गुजरात में दो महीनों में 90 आदमियों के करीब मरे। लेकिन बिहार में तो दो दिनों में पचास से ज्यादा आदमी मरे हैं।

बिहार की गरीबी गुजरात से ज्यादा भयंकर है। माननीय सदस्य, श्री मधु लिमये ने उस का विस्तृत रूप से वर्णन किया है। मैं उन बातों में नहीं जाना चाहता, लेकिन साफ बात यह है कि अगर गुजरात में 53 फीसदी विद्यार्थी एक ही समय खाना खा कर रहते हैं, जैसा कि गुजरात स्कूल आफ सोशल साइंसिज के प्रोफेसर ढोलकिया ने बताया है, तो बिहार में कम से कम 60,70 फीसदी विद्यार्थी एक समय खाना खा कर रहते होंगे, ऐसी मेरी कल्पना है। बिहार की प्रति-व्यक्ति आमदनी गुजरात से साठ फीसदी ही होगी, और पंजाब से आधी के करीब होगी। वहां की खाद्य स्थिति आने वाले दिनों में ज्यादा भयंकर होने वाली है। मैंने चुनाव के दिनों में उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में देखा था कि वहां से किस तरह अनाज की बोरियां बिहार जाती थीं। अगर उत्तर प्रदेश से अनाज की बोरियां न जातीं, तो विस्फोट न जाने कब हो गया होता।

